**DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR**
**QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR PERIODIC ASSESSMENT-2 (2018-19)**
**SUBJECT- HINDI (2L)**
**CLASS-VIII**

**P.A-II Syllabus –**

1. साहित्य – इतने ऊँचे उठो, पगला कहीं का, स्नेह शपथ, नीलकंठ, अब्राहम लिंकन का पत्र, अकबरी लोटा,
2. सदा बहार कहानियाँ – स्वत्व की रक्षा , वह पत्ता न टूटा , स्वाभिमान
3. व्याकरण – अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, स्वर संधि, 'वर्ण विच्छेद , समास, वाक्य परिवर्तन
   विलोम (पृष्ठ संख्या - 87), पर्यायवाची ( 1-25), वाक्यांशों के लिए एक शब्द (1-25), अनेकार्थक शब्द (1-15), मुहावरे (1-20), लोकोक्ति (1-20)
4. रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

## साहित्य

**इतने ऊँचे उठो**
**कवि - द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी**

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों में लिखिए –
   i. हमें दुनिया को कैसे देखना चाहिए?
   ii. हमारे भीतर कैसी चाह होनी चाहिए?
   iii. मृत्यु का द्योतक क्या है?
2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 - 50 शब्दों में लिखिए –
   i. सबको समभाव से देखने की सीख हमें कौन देता है?
   ii. एक नवीन समाज की रचना करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
   iii. जीवन के चिरंतन सत्य से क्या तात्पर्य है?
   iv. किस रूप में प्रकृति हमारे साथ प्रतिपल रहती है?
   v. सृष्टि के समान मौलिक कैसे बना जा सकता है? मृत्यु का द्योतक क्या है?
   vi. धरती को स्वर्ग कैसे बनाया जा सकता है तथा कुरूप को रूप देने से कवि का क्या आशय है?
   vii. निरंतर गतिमान बने रहने की बात कवि क्यों कर रहे हैं?
3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –
   i. 'सिंचित करो धरा, समता की भाव वृष्टि से'
   ii. 'इतने सुंदर बनो कि जितना आकर्षण है'

- निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –
  हमें अपने समाज को गगन के समान ऊँचा उठाने के लिए क्या करना चाहिए? स्पष्ट कीजिए।

पगला कहीं का

लेखिका – डॉ. मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों में लिखिए –

i. निखिल और अखिल बड़े हो कर क्या बनना चाहते थे?

ii. अखिल के किन कार्यों से बड़ी बुआ परेशान हो जाती थीं?

iii. निखिल ने बेहोश व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाकर क्या किया?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 - 50 शब्दों में लिखिए –

i. किन कारणों से निखिल को सभी बात – बात पर 'पगला कहीं का' कहते थे?

ii. निखिल और अखिल जुडवा होते हुए भी किस प्रकार एक दूसरे से भिन्न थे? उन्हें चुंबक कहे जाने के पीछे क्या वजह थी?

iii. 'पगला कहीं का' पाठ के रचनाकार कौन हैं? उन्होंने इस पाठ में किन पारिवारिक भावों को उजागर किया है?

iv. बड़ी बुआ का स्वभाव कैसा था? उनकी शादी न करने के पीछे क्या व़ज़ह थी?

v. निखिल के किस कार्य से प्रभावित होकर परिवार वाले उसे देखने अस्पताल चले आए?

vi. दादा-दादी ने बीमार व्यक्ति को गले क्यों लगा लिया? उनके इस कार्य से अखिल और निखिल पर क्या प्रतिक्रिया हुई?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40 - 50 शब्द) –

i. 'ईश्वर करे ऐसा पागलपन, ऐसा जुनून, ऐसा सेवा – भाव आज के हर किशोर में हो। '

ii. 'किसी के आशीर्वाद से नहीं बल्कि अपनी मेहनत से भविष्य सुरक्षित होगा।'

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

'मनुष्य को संवेदनशील मानवीय मूल्य ही बनाते हैं। इनके अभाव में वह समाज से अछूता रह जाता है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए।

स्नेह शपथ

कवि – भवानी प्रसाद मिश्र

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों मे लिखिए –

i. कवि करुणाकर तथा भिखमंगों की शपथ लेने को क्यों कह रहे हैं?

ii. किसी गलत व्यक्ति को कैसे सही राह पर लाया जा सकता है?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

i. 'स्नेह शपथ' कविता में कवि ने क्या समझाया है?

ii. हर समस्या का समाधान कैसे ढूंढा जा सकता है?

iii. भ्रष्ट समाज को कैसे बदला जा सकता है?

iv. करुणाकर तथा भिखमंगों की शपथ से कवि का क्या आशय है?

v. कड़वे वचन बोलने से क्या हो सकता है? हर गर्त तक प्यार कैसे पहुँच सकता है?

vi. दुस्साहसी व्यक्ति भी प्रेमपूर्ण व्यवहार के आगे क्यों झुक जाते हैं।

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

i. 'दे प्यार उठा पाए न जिसे इतना गहरा कुछ पतन नहीं।'

ii. अपने अंतर का नेह. उसको तो देकर तुम देखो।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

'प्रेम तथा स्नेह द्वारा हर समस्या का समाधान ढूढ़ा जा सकता है।' स्नेह शपथ पाठ के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए

<u>नीलकंठ</u>

<u>लेखिका – महादेवी वर्मा</u>

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों में लिखिए –

i. लेखिका ने मोर के बच्चों को कितने रूपए में खरीदा?

ii. कुब्जा कौन थी?

iii. लेखिका के जालीघर के पास पहुँचते ही नीलकंठ क्या करने लगता था?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 - 50 शब्दों में लिखिए –

i. महादेवी वर्मा का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताइए कि नीलकंठ उनकी किस साहित्यिक विधा के अंतर्गत आता है?

ii. बड़े मियां कौन थे? लेखिका ने उनके भाषण को तूफ़ानमेल क्यों कहा है?

iii. "तीतर हैं मोर कहकर ठग लिया है।" ऐसा किसने कहा? लेखिका पर इस कथन की क्या प्रतिक्रिया हुई?

iv. आपकी समझ से नीलकंठ और राधा का नामकरण कहाँ तक तर्कसंगत था? समझाकर लिखिए।

v. नीलकंठ की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। उसका और राधा का संबंध कैसा था?

vi. 'आप चाहे जितने भी संभलकर रहें परंतु कुसंगति किसी न किसी रूप में अपना प्रभाव डालती ही है।' कुब्जा की स्वभावगत विशेषताएँ बताते हुए इस कथन पर प्रकाश डालिए।

vii. आप कैसे कह सकते हैं कि नीलकंठ ने स्वयं ही अपने को सभी जानवरों का सेनापति नियुक्त कर लिया था। पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

i. 'देखिए गुरुजी, कमबख्त चिड़िमार ने बेचारी का क्या हाल किया है।'

ii. 'चोंच अधिक बंकिम और पैनी हो गई, आँखों में इंद्रनील की नीलाभ द्युति झलकने लगी । '

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

' पशु भी कर्तव्यपरायण और मनुष्यों की तरह संवेदनशील होते हैं। ' 'नीलकंठ' पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।

<u>अब्राहम लिंकन का पत्र</u>

<u>कवि – अब्राहम लिंकन (अनुवादित – डॉ. मधु पंत)</u>

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों मे लिखिए –

i. अब्राहम लिंकन कौन थे?

ii. उन्होंने किसे और क्यों पत्र लिखा?

iii. लिंकन ने अपने बेटे को नन्हा फ़रिश्ता क्यों कहा?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मेलिखिए –

i. अब्राहम लिंकन ने हार-जीत के माध्यम से अपने पुत्र को क्या सिखाने का आग्रह किया है?

ii. शिक्षक और शिक्षार्थी का रिश्ता कैसा होना चाहिए? यह पत्र किसे ध्यान में रख कर लिखा गया होगा? सिद्ध कीजिए।

iii. किसी और से प्राप्त अधिक धन की अपेक्षा स्वयं का कमाया कम धन भी किस प्रकार मूल्यवान है?

iv. दूसरों को आतंकित करने वाला स्वयं कमज़ोर किस प्रकार है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

v. सदय के साथ सदय और कठोर के साथ कठोर बनने का भाव स्पष्ट कीजिए।

vi. व्यक्ति अपनी अंतरात्मा की आवाज़ कैसे सुन सकता है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

i. 'उसे सहानुभूति से समझाना पर प्यार के अतिरेक से मत बहलाना।'

ii. 'यदि सिखा सको तो सिखाना कि वह दुख में भी मुसकरा सके,
घनी वेदना से आहत हो , पर खुशी के गीत गा सके।'

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

'पुत्र अपने पिता की पहचान तथा संस्कारों की एक छवि होता है।' अब्राहम लिंकन भी ऐसा ही मानते थे। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

<u>अकबरी लोटा</u>

<u>लेखक – अन्नपूर्णानंद वर्मा</u>

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15 - 20 शब्दों में लिखिए –

i. लाला झाऊलाल कौन थे?

ii. उनकी पत्नी ने उनसे कितने रुपए मांगे थे और उन्हें किस बात की धमकी दी थी?

iii. लोटे की कीमत का फ़ैसला कैसे हुआ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मेलिखिए –

i. रुपयों का इंतज़ाम न होने पर लाला ने क्या किया? मित्र ने उन्हें क्या सांत्वना दी थी?

ii. लाला की सहायता करने के लिए बिलवासीजी ने क्या चाल चली?

iii. लोटा किस प्रकार नीचे गिरा और वह दोनों मित्रों की समस्या का समाधान कैसे बन गया?

iv. लोटे की मार से घायल कौन था? उसके क्या शौक थे?

v. अकबरी लोटा की कहानी क्या थी? ऐसी कहानी किसने तैयार की थी?

vi. जहांगीरी अंडे की विशेषता बताइए कि उसका नामकरण इस रूप में क्यों हुआ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

i. 'इस रिश्ते से तो आपका लोटा उस अंडे का बाप हुआ। '

ii. 'सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से? '

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए –

'विपत्ति में काम आने वाला सच्चा मित्र ही सच्चा मित्र कहलाता है।' कहानी के आधार पर इस कथन को स्पष्ट करें।

<u>सदा बहार कहानियाँ (सहायक पुस्तिका)</u>

- निम्नलिखित पाठों के दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए –

<u>स्वत्व की रक्षा</u>

1) 'स्वत्व की रक्षा' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि घोड़ा अपने अधिकारों के प्रति सचेत था।

2) घोड़ा पूरा सत्याग्रही था। कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

वह पत्ता न टूटा

1) डॉक्टर ने सूमेन को क्या सलाह दी? क्या जिंदगी से हार मानना आसान है? स्पष्ट कीजिए।
2) जानसी गिरते हुए पत्तों को देखकर क्या सोचती थी? गिरते पत्ते उसके लिए किस बात के प्रतीक थे?
3) क्या बहरमन का बनाया पत्ता सचमुच उसकी अनोखी कलाकृति थी? स्पष्ट कीजिए।

स्वाभिमान

1) वृद्धा स्वयं कमाकर क्यों खाना चाहती थी?
2) वृद्धा ने ईश्वर से क्या प्रार्थना की? उसकी प्रार्थना किस रूप में स्वीकार हुई?
3) सच्चा स्वाभिमान क्या है? स्पष्ट कीजिए।

## रचनात्मक लेखन

पत्र-लेखन – ( शब्द सीमा -- 70 - 80)

1. आपकी बड़ी बहन का विवाह है । अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।
2. समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए छोटी बहन को एक प्रेरणादायक पत्र लिखिए ।
3. आपके चाचाजी ने आपके जन्मदिन पर एक आकर्षक उपहार भेजा है। उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए ।
4. किसी पर्वतीय स्थल की यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।
5. अपने छोटे भाई को उत्तरदायित्व समझाते हुए पत्र लिखिए।
6. अपनी सखी को विदेश जाने पर मंगल कामना व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए।
7. परीक्ष में अनुत्तीर्ण मित्र को सांत्वना देते हुए पत्र लिखिए।
8. आपका नाम सुषमा है और आपकी सहेली का नाम अनामिका है। उसको वाद – विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

अनुच्छेद-लेखन – (शब्द सीमा – 80 – 100)

1. जीवन में कम्प्यूटर की उपयोगिता या मीडिया का सामाजिक उत्तरदायित्व
2. छात्र जीवन में अनुशासन का महत्त्व या चरित्र का महत्व
3. बाल मज़दूरी
4. पुस्तकें हमारी उत्तम साथी
5. महँगाई का प्रकोप
6. एक मनोरंजक यात्रा या एक अविस्मरणीय यात्रा
7. मेरे जीवन का लक्ष्य
8. प्रकृति की रक्षा , मानव की सुरक्षा या ऊर्जा बचत: हमारा दायित्व
9. भारत : विविधता में एकता
10. जहाँ चाह वहाँ राह

विज्ञापन-लेखन — ( शब्द सीमा – 25 – 30)

1. केश काला करने वाले तेल पर एक विज्ञापन लिखिए।
2. तेज़ गति मोबाइल फोन पर एक विज्ञापन लिखिए।
3. दंत मंजन पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
4. धूप वाले चश्मे पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
5. स्कूली बैग पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
6. चॉक या श्यामपट पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
7. आइसक्रीम बनाने वाली कंपनी पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
8. किसी कलम या कॉपी पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
9. किसी मोटर साइकिल पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
10. किसी बिस्कुट का विज्ञापन तैयार कीजिए।

संवाद-लेखन – ( शब्द सीमा – 50 - 60)

1. बढ़ते भ्रष्टाचार पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
2. वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
3. बेटे को बुरी संगति से दूर रहने की सलाह देते हुए माँ के साथ हुई बेटे की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
4. ज्ञान का हमारे जीवन में महत्व – इस विषय पर शिक्षक और शिष्य के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
5. व्यायाम का हमारे जीवन में महत्व – इस विषय पर पिता और पुत्र के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
6. छुट्टियों में बाहर घूमने जाने का कार्यक्रम बनाते हुए पति – पत्नी के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।
7. टिकट गुम होने पर बस चालक और यात्री के बीच संवाद लिखिए।
8. डॉक्टर और मरीज के बीच का संवाद लिखिए।
9. पार्क में सैर करते दो वृद्धों का संवाद लिखिए।
10. बढ़ती महंगाई पर दो स्त्रियों के बीच का संवाद लिखिए।